आईआईएफएल ने 'कल की बचत' अभियान के तहत देशभर में 1030 से अधिक शिविर लगाए

मुंबई। भारत की नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी आईआईएफएल फाइनेंस ने आईआईएफएल फाउंडेशन के साथ हाल ही में शाखाओं के अपने उल्लेखनीय नेटवर्क द्वारा 'आईआईएफएल मिलन' के बैनर तले विविध सामुदायिक गतिविधियां आयोजित कीं। आईआईएफएल ने देश के 700 से ज्यादा शहरों और कस्बों में 1030 से अधिक शिविर लगाए। ये गतिविधियां व्यवस्थित योजना के द्वारा भविष्य के लिए वित्तीय रूप से तैयार होने के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए 'चलो करें, कल की बचत' अभियान के तहत आयोजित हुईं। इन शिविरों में 27,830 से ज्यादा महिलाओं

और वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लिया। आईआईएफएल फाउंडेशन की सीईओ डॉ. सारिका कुलकर्णी ने इन कार्यक्रमों के बारे में कहा कि आईआईएफएल फाइनेंस एक जिम्मेदार संगठन है, जिसका मानना है कि महिलाओं को अपने घर की वित्तीय योजना बनाने में सक्रिय हिस्सा लेना चाहिए। 'कल की बचत' वित्तीय साक्षरता कार्यशाला आईआईएफएल द्वारा खास महिलाओं के लिए आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों को रचनात्मक तरीके से लक्ष्य आधारित वित्तीय योजना के बारे में समझाया गया और बताया गया कि इससे उनके उद्देश्यों की पूर्ति में किस प्रकार मदद मिलेगी।